मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति 'कोविड-19 राहत कोष' में विधायकों से प्राप्त राशि जिलों को हस्तांतरित

District : dipr
Department :
VIP Person : c m
Press Release
State News
Attached Document :
M-04-04-2020-14.docx (http://103.203.138.54/news/205689/document/M-04-04-2020-14.docx)

DESCRIPTION

मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति
'कोविड-19 राहत कोष' में विधायकों से प्राप्त राशि जिलों को हस्तांतरित

जयपुर, 4 अप्रैल। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने राज्य विधानसभा के सदस्यों (एमएलए) द्वारा कोविड-19 महामारी से बचाव के लिए विधायक स्थानीय विकास निधि से मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा कराई गई राशि का संबंधित जिलों में उपयोग करने के लिए अभिशंषा दे दी है। इस क्रम में शनिवार को कुल 11.84 करोड़ रूपये की राशि के लिए स्वीकृति जारी कर संबंधित जिलों के कलक्टर के खातों में हस्तान्तरित की गई।

मुख्यमंत्री सहायता कोष के कोविड-19 राहत कोष के लिए जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, इस राशि का उपयोग जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) द्वारा स्थानीय विधायक के विधानसभा क्षेत्र में महामारी से राहत एवं पुनर्वास संबंधी कार्यों के लिए संबंधित विधायक की अनुशंषा के अनुरूप किया जाएगा। फिलहाल अजमेर, अलवर, बाड़मेर, भीलवाड़ा, धौलपुर, जयपुर, कोटा, पाली, टोंक और उदयपुर आदि 10 जिलों के 32 विधानसभा क्षेत्रों के लिए राशि जारी की गई है।

मुख्य रूप से इस राशि का उपयोग कोरोना के संदिग्ध मरीजों की स्क्रीनिंग और सैंपल कलेक्शन के साथ-साथ रोगियों के लिए क्वारंटाइन की व्यवस्था, आवश्यक उपकरणों, प्रयोगशाला जांच, वेंटिलेटर आदि खर्चों के लिए किया जा सकेगा। संबंधित विधानसभा क्षेत्र में मास्क, सेनेटाइजर, दवा, राशन सामग्री अथवा भोजन पैकेट आदि के वितरण के लिए भी इस राशि का उपयोग किया जा सकेगा।

श्री गहलोत ने विधायक कोष से कोविड-19 राहत कोष को प्राप्त होने वाली 22 करोड़ रूपये की राशि का उपयोग संबंधित विधायकों के विधानसभा क्षेत्रों में करने के लिए अभिशंषा की है।

SUPPORTING IMAGES

Copyright © 2016 Information and Public Relations Department. All Right Reserved.

Last Updated On: **14/4/2020**
You are visitor No.:

001661520

Website Policies (/content/dipr/en/websitepolicies.html) | Disclaimer (/content/dipr/en/disclaimer.html) | Accessibility (/content/dipr/en/accessibility.html) |

Sitemap (/content/dipr/en/sitemap.html)

Nodal Officer: **Sh. Arun Kumar Joshi**

Designation : Joint Director(News)

Mobile Number : 9610409010

Email: dpr-comp-rj@nic.in

This website belongs to Information and Public Relations Department

We're on social networks

(https://www.facebook.com/DIPRRajasthan)(https://twitter.com/dipr_rajasthan)(https://www.instagram.com/dipr_rajasthan/)(https://www.youtube.com/channel/UC2oIZW3EmG59rjejhnK9qoQ)

(https://validator.w3.org/) (https://jigsaw.w3.org/css-validator/check/referer)